Patrika (Indore), 9th September 2020, Page-4

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने किया ट्वीट

# आइआइटी परिसर में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में अब नया केंद्रीय विद्यालय शुरू होने जा रहा है। मंगलवार को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने ट्वीट कर इसका ऐलान किया। आइआइटी ने स्कूल के लिए फरवरी में ही केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था। स्कूल के लिए 26 कमरों का भवन पहले ही तैयार हो चुका है। फिलहाल यहां फिजिक्स और कैमिस्ट्री की लैब चल रही है। विद्यालय खुलने से पहले ये लैब दूसरे भवन में स्थानांतरित होंगी। आइआइटी में केंद्रीय विद्यालय खुलने के बाद इंदौर में तीन केंद्रीय विद्यालय हो जाएंगे।

## अभी पांचवीं तक की मंजूरी मिली

संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने कहा, यह आइआइटी समुदाय और इंदौर के लिए खुशी का क्षण है। वर्तमान में कक्षा 1 से 5 तक की मंजूरी मिली है, लेकिन हम इसे भविष्य में 12वीं तक पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। हम स्कूल को नई शिक्षा नीति के अनुपालन में एक बेहतरीन लर्निंग हब बनाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे। संस्थान केंद्रीय विद्यालय को छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व समग्र विकास के लिए विश्वस्तरीय पुस्तकालय और खेल सुविधा प्रदान करेगा। जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी।